सरकार की मंशा है कि गांवों के प्रतिभावान खिलाड़ी भी खेलों में आगे आएं : मेघवाल

बीकानेर, (कासं)। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में खेलों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। मेघवाल शुक्रवार को डॉ करणी सिंह स्टेडियम में नवनिर्मित मल्टी पर्पज इनडोर हॉल के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम फिट तो इंडिया फिट तथा खेलो इंडिया का नारा दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा खिलाडियों के लिए आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाने में कोई कमी नहीं रखी जा रही है। सरकार की मंशा है कि शहरी क्षेत्र के साथ गांवों के प्रतिभावान खिलाड़ी भी आगे आएं तथा खेलों के मानचित्र पर भारत का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।

केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने मल्टीपर्पज इनडोर हॉल का लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री की मंशा है कि हम भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनें। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें उद्यम शिक्षा और चिकित्सा के साथ खेलों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बने इस इनडोर हॉल का अधिकतम उपयोग खेलों के लिए किया जाए।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि शहरी क्षेत्र के स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों को यह इनडोर स्टेडियम दिखाया जाए जिससे उनमें खेलों के प्रति रूचि पैदा हो। उन्होंने शहर की कॉलोनियों के सार्वजनिक उद्यानों में खेलों की सुविधाएं विकसित करने की बात कही जिससे खेलों का वातावरण बनें। बीकानेर के बच्चे डॉ करणी सिंह और कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की तरह बीकानेर का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि स्टेडियम का खेलों के लिए अधिक से अधिक उपयोग होए यह सुनिश्चित किया जाए।

बीकानेर पूर्व विधानसभा विधायक सिद्धि कुमारी ने युवाओं को खेल भावना के साथ खेलने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जीवन में खेलों का महत्व अत्यंत महत्व है। खासकर युवा पीढ़ी को इसे समझना चाहिए। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद ने कहा कि खेल प्रशासक प्रतिभावान खिलाडियों का प्राथमिकता से चयन करें। खेल प्रतिभाओं के चयन में किसी प्रकार का दबाव नहीं हो तो इसके बेहतर परिणाम सामने आते हैं। इससे पहले आरएसआडीसी की प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिल्पा कच्छावा ने बताया कि बजट घोषणा की पालना में 822.40 लाख रूपए की लागत से यह इनडोर स्टेडियम बनाया गया है। इसमें तीरंदाजी,कबड्डी, खा-खो, योग, कुश्ती, टेनिस, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल सहित दर्जनों इनडोर खेले जा सकेंगे। इस दौरान जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि नगर निगम आयुक्त मनीष मयंक और सुमन छाजेड़ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री मेघवाल तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने फीता काटकर तथा शिला पट्टिका का अनावरण कर इनडोर हॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल तथा गोदारा सहित विधायकों तथा अधिकारियों ने बैडमिंटन खेल कर युवा खिलाडियों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया। जिला खेल अधिकारी श्रवण भांभू ने आभार जताया। नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा सहित विभिन्न अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

- केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी

गिव अप अभियान की अवधि 31 मई तक बढ़ाई : खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के उपायुक्त महावीर प्रसाद व्यास ने शुक्रवार को पंचायत समिति सभाकक्ष में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानदारों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि गिव अप अभियान में लक्ष्यानुरूप अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इसलिए इस अभियान की अवधि 31 मई तक बढ़ा दी गई है। अब समस्त उचित मूल्य दुकानदारों से अपेक्षा है कि इस अभियान में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें जिससे ऐसे अपात्र लाभार्थी जो योजनानुसार पात्रता की सीमा में नहीं होने के बावजूद राशन का गेहूं उठाकर वास्तविक लाभार्थी का हक छीन रहे हैं, उन्हें हटाया जा सके। उपायुक्त महावीर प्रसाद व्यास ने कहा कि ऐसे अपात्र व्यक्तियों को तुरंत अपनी पात्रता रद्द करवा लेनी चाहिए अन्यथा अभियान समाप्ति के बाद अपात्र व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपायुक्त महावीर प्रसाद व्यास तथा जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बैठक में उचित मूल्य दुकानदारों की समस्याएं सुनी और यथासंभव मौके पर ही समाधान भी किए।

हिस्ट्रीशीटर गुरजंट सिंह का पैदल जुलूस निकाला

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में अपराध नियंत्रण के तहत पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर गुरजंट सिंह को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे एसपी कार्यालय से सेंट्रल जेल तक पैदल जुलूस में ले जाकर जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जिससे समाज में अपराध के प्रति सख्त संदेश जाए।

गुरजंट सिंह के खिलाफ 18 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, मारपीट और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर मामले हैं। उसकी गिरफ्तारी चूनावढ़ थाना क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा की गई, जिसमें अमित, श्रवण, गोपी और सीडीआर सेल के मंगतराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भारत में हिस्ट्रीशीटर उन व्यक्तियों को कहा जाता है जिनका आपराधिक रिकॉर्ड लम्बा होता है और जो समाज के लिए खतरा माने जाते हैं। ऐसे व्यक्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए विभिन्न राज्य सरकारों ने 'हैबिचुअल ऑफेंडर्स एक्ट' जैसे कानून लागू किए हैं। उदाहरण स्वरूप, राजस्थान में 'राजस्थान हैबिचुअल ऑफेंडर्स एक्ट, 1953' के तहत ऐसे अपराधियों की सूची बनाई जाती है और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाती है। पुलिस को ऐसे अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने, उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने और समय-समय पर उनकी रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का अधिकार प्राप्त होता है। यह प्रक्रिया अपराध की पुनरावृत्ति को रोकने और समाज में शांति बनाए रखने के उद्देश्य से की जाती है।

सार-समाचार

एयरपोर्ट के विस्तार पर चर्चा

बीकानेर एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक को केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक आज बीकानेर हवाई अड्डा परिसर में समिति के अध्यक्ष केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की अध्यक्षता में रखी गई है। समिति सदस्य पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक में खाजूवाला विधायक विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल, समिति के सदस्य पंकज अग्रवाल, गुमान सिंह राजपुरोहित, संपत पारीक, अशोक मीणा, महेन्द्र बोथरा सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व आमजन से सुझाव लिए गए थे उन पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति सदस्यों ने अपने विचार रखे किस तरह बीकानेर बेहतर हवाई सेवा दी जा सके और उनका विस्तार कैसे हो उस पर विस्तार से चर्चा हुई। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि आज जो सुझाव मिले हैं, उनसे नाल एयरपोर्ट विस्तार होगा जिससे ओर अधिक हवाई सेवाएं मिलेगी जिसमें बीकानेर से कोलकाता, सूरत, मुंबई कनेक्टिंग सेवाएं मिलेगी। बीकानेर नाल हवाई अड्डे से बीकानेर शहर तक बस चलेगी जिससे यात्रियों को आने जाने में सुविधा मिलेगी। टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए शहर की विभिन्न दर्शनीय स्थलों की बुकलेट दी जायेगी। नाल हवाई अड्डे की मैन रोड चौड़ी कर सौन्दर्यीकरण किया जायेगा।

पीबीएम में 21 बड़े कूलर भेंट

बीकानेर, (कासं)। जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि गर्मी अपने पूरे परवान पर है और लोग गर्मी से बचने के लिए अपने घरों में रहने को मजबूर है लेकिन जो रोगी है उनको अस्पताल में इलाज के लिए जाना ही पड़ेगा। अस्पतालों में पड़ रही गर्मी से निजात दिलाने हेतु बीकानेर जिला उद्योग संघ की अनुशंसा पर भामाशाह जयचंद लाल डागा ने अपने ट्रस्ट राजदेवी जयचंद लाल डागा ट्रस्ट के माध्यम से पीबीएम अस्पताल में 21 बड़े कूलर अधीक्षक डॉ सुरेंद्र वर्मा को भेंट किये ताकि मरीजों व उनके परिजनों को इस भयंकर गर्मी से राहत प्रदान की जा सके। पीबीएम अधीक्षक सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि इस बार बीकानेर लगातार हीट वेव की चपेट में रहा है जिससे स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार हुआ जा रहा है और अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। रोगियों की व्यथा को समझते हुए भामाशाह जयचंद लाल डागा ने मरीजों व साथ आए परिजनों को शीतल हवा उपलब्ध करवाने हेतु 21 बड़े कूलर भेंट किये गए हैं । राजदेवी जयचंद लाल डागा चेरिटेबल ट्रस्ट के जयचंद लाल डागा ने बताया कि इस बार गर्मी ने इंसान, पशु पक्षी सबका हाल बेहाल कर रखा है और ऐसी तपती गर्मी में पीबीएम में भर्ती रोगियों को अगर गर्मी से निजात मिलती है तो इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस अवसर पर दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र आचार्य उपस्थित हुए।

बीकानेर में आंधी तूफान का अलर्ट

बीकानेर, (कासं)। आने वाले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान तो कम होगा लेकिन अंधड़ और बारिश से परेशानी हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के कारण पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज आंधी और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि 2 मई को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के ऊपर एक सिस्टम बना हुआ है। आज एक बार पुनः जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ बारिश व तेज आंधी (हवा की गति 50-60 किमी.) दर्ज होने की प्रबल संभावना है। बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मेघगर्जन के साथ आंधी बारिश की गतिविधियां आगामी एक सप्ताह के दौरान राज्य के कई भागों में जारी रहने की प्रबल संभावना है। आज अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान में 2 से 5 डिग्री गिरावट होने तथा हीटवेव से राहत मिलने की प्रबल संभावना है।राज्य में आगामी एक सप्ताह हीट वेव की संभावना नहीं है। बीते चौबीस घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। गुरुवार की तुलना में शुक्रवार को तापमान में कुछ कमी आई है। आने वाले कुछ दिनों तक पारा कम होगा लेकिन चालीस डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहेगा।

आनंदम स्थल में प्याऊ का शुभारंभ

बीकानेर, (कासं)। कर्मवान फाउंडेशन द्वारा पीबीएम अस्पताल परिसर के आनंदम विश्राम स्थल में प्याऊ का शुभारंभ शुक्रवार को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.गुंजन सोनी व व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल राठी ने किया। कर्मवान फाउंडेशन अध्यक्ष वेद व्यास ने बताया कि गर्मी के मद्देनजर प्रतिवर्ष इस प्याऊ का संचालन किया जाता है। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि प्रचंड गर्मी को देखते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए किया गया यह कार्य अत्यधिक उपयोगी है। यह कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक है। व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल राठी ने कहा कि कर्मवान फाउंडेशन सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहती है।

शहर में 9 टंकियां तैयार, 6 को जलापूर्ति लाइन से नहीं जोड़ा

बीकानेर, (कासं)। नहरबंदी शुरू हुए 9 दिन बीत गए। शुरू के पांच दिन कटौती नहीं हुई लेकिन अब कटौती शुरू हुए भी 5 दिन बीत गए। अब पीएचईडी पर पानी का दबाव आने लगा। शहर में 9 नई टंकी बनकर तैयार है। कटौती से पूर्व उन्हें जलापूर्ति लाइन से जोड़ दिया गया होता तो इतनी समस्या नहीं होती। लेकिन उन्हें जोड़ा नहीं जा सका।

अब टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा। नत्थूसर टंकी पर शहर में सबसे ज्यादा पानी का दबाव है। वहां भी टंकी को सप्लाई लाइन से जोड़ा जाना था, नहीं हो पाने से परेशान लोग दर्जनों की संख्या में टंकी पर पहुंच गए। सप्लाई बंद करा दी। फिलहाल समझाने पर लोग मान गए हैं मगर हालात धीरे-धीरे बिगड़ने लगे हैं। नहरबंदी से पहले पीएचईडी ने दावा किया था कि शहर में 9 नई टंकियां बनकर तैयार हैं। पहले एक सप्ताह में 3 और दूसरे सप्ताह में 3 नई टंकियों को जलापूर्ति लाइन से जोड़ दिया जायेगा जिससे पुरानी टंकियों का भार कम होगा। नहरबंदी को 10 दिन बीतने को हैं लेकिन अब तक जोड़ा नहीं गया।

- कटौती से पूर्व इन टंकियों को जलापूर्ति लाइन से जोड़ दिया गया होता तो इतनी समस्या नहीं होती

पीएचईडी को 21 से 27 अप्रैल के बीच धरणीधर, स्टेडियम और नयाशहर में बनी नई टंकियों को शुरू करना था। इससे नत्थूसर टंकी का भी भार कम होता। नहीं जोड़े जाने के कारण इस टंकी के टेल इलाकों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। एक दिन छोड़कर आ रहे पानी के बाद भी टोंटियां सूखी हैं। इससे लोगों का गुस्सा फूट गया। नत्थूसर टंकी पहुंच गए। वहां चल रही सप्लाई बंद करा दी। इस बीच शोभासर से भी पानी बंद हो गया। बाद में जेईएन बबीता ने समझाकर लोगों को वापस एक बजे पानी देने का वादा किया तब जाकर लोग शांत हुए। शहर में करीब 28 टेल इलाके हैं। टेल यानी वो इलाके जो टंकी का सबसे अंतिम छोर होता है। अंतिम छोर तक पहुंचते पहुंचते पानी का फ्लो कम हो जाता है। खेमचंद सिंगारिया, एसई पीएचईडी बीकानेर का कहना है कि करणीसिंह स्टेडियम टंकी तो बनकर तैयार है। मिलान का काम चल रहा है। अभी मौजूदा टंकियों पर ही सप्लाई को ठीक करने का प्रयास कर रहा हूं। सप्लाई लाइन से जोड़ा भी जा रहा है। नत्थूसर इलाके में लाइट जाने के कारण कुछ क्षेत्रों में सप्लाई में दिक्कत हुई।उनकी दिक्कत को दूर कर दिया गया है।

पी.एच.डी. प्रवेश काउंसलिंग

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा वेटरनरी महाविद्यालय,बीकानेर, पी.जी.आई.वी.ई.आर., जयपुर, वेटरनरी महाविद्यालय, नवानियां (उदयपुर) में अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 2 मई को वेटरनरी कॉलेज बीकानेर के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई।

अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष प्रो. हेमंत दाधीच ने बताया कि तीनों महाविद्यालयों में 40 अभ्यर्थियों को आई.सी.ए.आर. द्वारा आयोजित आई.सी.ए.आर.-ए.आई.सी.ई. (पी.एच.डी) में प्राप्त स्कोर के आधार पर प्रमाण पत्र जांच कर पीएच.डी. की सीटों पर प्रवेश दिया गया। काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन प्रो. राजेश धूड़िया, निदेशक पी.एम.ई. प्रो. उर्मिला पानू, निदेशक क्लीनिक्स प्रो. प्रवीण बिश्नोई, परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनीषा माथुर मौजूद थे।

लालगढ़ रेलवे स्टेशन से पांच माह की बच्ची चोरी

बीकानेर, (कासं)। लालगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर से एक 5 माह की बच्ची को चुरा ले जाने का मामला सामने आया है। टैक्सी में सवार होकर आए महिला-पुरूष पर बच्ची को चुरा ले जाने का शक है और जीआरपी पुलिस दोनों को फलौदी में तलाश रही है।

- टैक्सी में सवार होकर आए महिला-पुरूष पर बच्ची को चुरा ले जाने का शक है
- जीआरपी पुलिस दोनों को फलौदी में तलाश रही है

बज्जू निवासी सुरेश भोपा का परिवार 29 मार्च को दोपहर ट्रेन से बीकानेर आया और लालगढ़ रेलवे स्टेशन के तीन नंबर प्लेटफार्म के पास डेरा जमाया था। सुरेश, उसकी पत्नी सुनीता 30 अप्रैल की शाम को कचरा बीनने गए थे। डेरे में सुरेश की छोटी बहन 8 साल की पुष्पा, बेटियां 3 साल लाछा और 5 माह की अंजली ही थीं। इस दौरान टैक्सी में सवार एक महिला और पुरूष वहां पहुंचे और 5 माह की अंजली को चुरा ले गए। उस समय अन्य दोनों बच्चियां सो रही थी। पति-पत्नि रात को 9.30 बजे वापस लौटे तो अंजली नहीं मिली तो उसकी खोजबीन की। देर रात को सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस हरकत में आई और बच्ची की खोजबीन शुरू की गई। सीसीटीवी खंगाले और छानबीन की तो पता चला कि टैक्सी में सवार महिला-पुरूष लालगढ़ से श्रीगंगानगर चौराहे पहुंचे थे और वहां से बस में बैठकर फलौदी की तरफ गए हैं। जीआरपी एसएचओ आनंद गिला के नेतृत्व में टीम फलौदी गई है और बच्ची और उसे उठा ले जाने वालों की तलाश की जा रही है।

क्रिकेट पर सट्टेबाजी में आठ गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। नोखा थाना पुलिस ने गुरुवार शाम को क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश और पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देश पर की गई। देशनोक थाना प्रभारी सुमन शेखावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। पकड़े गए आरोपियों में नागौर का सदाम हुसैन और मध्यप्रदेश के पन्ना से अजहर मिर्जा शामिल हैं। बीकानेर के मोहम्मद ताहीर, मोहम्मद साकिर, बीटू, शिव नायक, मनोज और अलताफ को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से 9 एंड्रॉयड मोबाइल और 2 मोबाइल चार्जर बरामद किए हैं। इसके अलावा 7,400 रूपए नगद और सट्टेबाजी का हिसाब-किताब भी जब्त किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में मामला दर्ज कर दिया गया है। कार्रवाई में थानाधिकारी सुमन शेखावत, हेड कांस्टेबल रामेश्वर लाल, सुनील कुमार और कांस्टेबल राजेन्द्र चौधरी की टीम शामिल थी।

- पुलिस ने आरोपियों से 9 एंड्रॉयड मोबाइल और 2 मोबाइल चार्जर व 7,400 रूपए नगद बरामद किए

स्काउट-गाइड ने परिंडे लगाए

नोखा, (कासं)। यहां राजकीय मांगीलाल बागड़ी महाविद्यालय में पक्षियों के लिए विशेष पहल की गई है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए महाविद्यालय प्रांगण में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यनारायण राजपुरोहित ने इस पहल की जानकारी दी। स्काउट एंड गाइड प्रभारी सुमित्रा देवल के मार्गदर्शन में यह कार्य किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के रेंजर्स और रोवर्स ने उत्साह से भाग लिया। रोवर्स में पवन छींपा, अजय गोदारा, पंकज बिश्नोई, चुन्नीलाल, पूनमचंद हुड्डा और रामदेव उपाध्याय ने सक्रिय भूमिका निभाई। रेंजर्स में सपना छीपा, कशिश खाती और दिशा पिलानियां ने प्रमुख योगदान दिया। छात्रों को अपने घरों के आसपास भी परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

श्रीगंगानगर में बदला मौसम, तेज आंधी के साथ बारिश

श्रीगंगानगर, (कासं)। मई महीने की शुरूआत के साथ ही जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। देर रात से जिले के कई क्षेत्रों में तेज आंधी और हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया जिससे तापमान में 10 से 15 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। इससे आमजन को तेज गर्मी से राहत मिली है।

श्रीगंगानगर शहर सहित पदमपुर, रायसिंहनगर, जैतसर और सूरतगढ़ क्षेत्र में रात करीब 12 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कई स्थानों पर हवाओं की गति 60 से 70 किमी प्रति घंटा तक रही। इसके कारण सड़कों पर पेड़ गिर गए, विद्युत पोल टूट गए और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सूरतगढ़, पदमपुर, अनूपगढ़ और घड़साना सहित अनेक स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार मई के पहले सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने तथा बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाओं के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। अगले एक सप्ताह तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना जताई गई है।

- श्रीगंगानगर शहर सहित पदमपुर, रायसिंहनगर, जैतसर और सूरतगढ़ क्षेत्र में रात करीब 12 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई

'गंगाशहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ होने से 50 हजार लोगों को लाभ मिलेगा'

बीकानेर, (कासं)। राजकीय शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगशहर का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने का प्रयास किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा इसके लिए कोई कमी नहीं रखी गई है। उन्होंने कहा कि गंगाशहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ होने से आसपास के 50 हजार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि सीएसआर अथवा अन्य मद से अस्पताल की चारदीवारी बनवाई जायेगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसका बेहतरीन संचालन करने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगाशहर का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक जेठानंद व्यास भी मौजूद थे।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संकल्प है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आसपास बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। यह स्वास्थ्य केन्द्र इस दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

सुमन छाजेड़ ने कहा कि अस्पताल का शुभारंभ गंगाशहर क्षेत्र के लिए नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं और संसाधन मुहैया करवाने के प्रयास किए जायेंगे। सीएमएचओ डॉ पुखराज साध ने बताया कि तीस बैड के अस्पताल से गंगाशहर, भीनासर, गोपेश्वर बस्ती, गोगागेट और शिव वैली सहित आसपास के लोगों को सहूलियत होगी। इस स्वास्थ्य केंद्र पर एक स्त्री रोग विशेषज्ञ और एक बाल रोग विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है। वहीं दंत रोग विशेषज्ञ जल्दी ही लगाया जायेगा। इसके अलावा तीन चिकित्सा अधिकारी, छह नर्सिंग कर्मी तथा एक-एक फार्मासिस्ट और लैब टैक्नीशियन भी लगाए गए हैं।

- इस स्वास्थ्य केंद्र पर एक स्त्री रोग विशेषज्ञ और एक बाल रोग विशेषज्ञ नियुक्त किया